जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

November 5, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया मिल्लिया इस्लामिया कुलपति के ओ.एस.डी नियुक्त किये गये डॉ सत्य प्रकाश प्रसाद, प्रो शकेब अहमद खान और प्रो अबुज़र खैरी को बनाया गया हॉल ऑफ बॉयज़ रेज़िडेंस का प्रोवोस्ट**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के अनुप्रयुक्त विज्ञान और मानविकी विभाग के अँग्रेजी के सहायक प्राध्यापक डॉ सत्य प्रकाश प्रसाद जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति के विशेष कार्याधिकारी (ओ एस डी) नियुक्त किए गए हैं। डॉ सत्य प्रकाश प्रसाद एक बहुभाषिक अनुवादक, कवि और आलोचक के साथ-साथ अँग्रेजी साहित्यिक सिद्धांत एवं अँग्रेजी में अनूदित भारतीय साहित्य के विशेषज्ञ हैं । डॉ प्रसाद ने अपनी एम ए (अँग्रेजी) और पी-एचडी (अँग्रेजी) की शिक्षा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से प्राप्त की है ।

जामिया के कुलपति के विशेष कार्याधिकारी (ओ एस डी) के पद पर नियुक्त होने से पूर्व डॉ सत्य प्रकाश प्रसाद जामिया मिल्लिया इस्लामिया के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के सीपीआईओ रह चुके हैं और साथ ही सहायक परीक्षा नियंत्रक के रूप में कार्य करते हुए अनेक बार कार्यवाहक परीक्षा नियंत्रक के दायित्व का भी निर्वहन किया है।

जामिया के कुलपति प्रो. मज़हर आसिफ़ ने विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के प्रो. शकेब अहमद खान को एम. एम. ए. जौहर हॉल ऑफ बॉयज़ रेज़िडेंस का प्रोवोस्ट और एमएमएजे अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन अकादमी के प्रो. अबुज़र खैरी को डॉ ज़ाकिर हुसैन हॉल ऑफ बॉयज़ रेज़िडेंस का प्रोवोस्ट नियुक्त किया है ।

एम एम ए जौहर हॉल ऑफ बॉयज़ रेज़िडेंस के प्रोवोस्ट पद पर नियुक्ति से पूर्व प्रो शकेब अहमद खान जामिया मिल्लिया इस्लामिया में सी.पी.आई.ओ सहित आर टी.आई. के नोडल अधिकारी रह चुके हैं ।

डॉ ज़ाकिर हुसैन हॉल ऑफ बॉयज़ रेज़िडेंस के प्रोवोस्ट बनने से पहले प्रो अबुज़र खैरी जामिया में सीनियर वार्डेन के रूप में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं ।

डॉ सत्य प्रकाश प्रसाद, प्रो शकेब अहमद खान और प्रो अबुज़र खैरी ने नई जिम्मेदारियां मिलने पर जामिया के कुलपति प्रो मज़हर आसिफ और कुलसचिव प्रो मोहम्मद मेहताब आलम रिजवी के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया